निर्देश

पच्चीस हजार रुपये की कॉस्ट दोषियों से वसूलने के निर्देश

मनमाने तरीके से अपील निरस्त करने पर कोर्ट सख्त

जबलपुर, नवभारत। मप्र हाईकोर्ट ने मनमाने तरीके से अपील निरस्त करने के मामले को सख्ती से लिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस एके सिंह की युगलपीठ ने अपीलीय प्राधिकारी की गलती को आड़े हाथों लेते हुए प्रकरण में 25 हजार रुपये की कास्ट लगाते हुए स्पष्ट किया कि उक्त राशि शासकीय कोष से नहीं बल्कि दोषियों से वसूली जाए। इस सिलसिले में राज्य शासन को स्वतंत्र कर दिया गया है।

दरअसल लक्ष्मी मोटर्स सतना की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि अपीलीय प्राधिकारी और संयुक्त आयुक्त स्टेट टैक्स सतना के समक्ष नियमानुसार अपील दायर की गई थी, जिसे मनमाने तरीके से निरस्त कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश है कि सामान्य धारा अधिनियम-1897 की धारा-नौ के विहित प्रविधान के अनुसार आदेश पारित करने की तिथि को छोड़कर सीमा अवधि की गणना की जाए।

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 में तीन महीनों की सीमा अवधि का प्रविधान है। धारा 107 की उपधारा (4) के अंतर्गत, अपीलीय प्राधिकारी को अपील पर विचार करने के लिए एक महीने की अतिरिक्त छूट अवधि दी गई है। इसके बावजूद अपीलीय प्राधिकारी ने कानून का सहारा न लेकर मनमानी का परिचय दिया। जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

आजीवन कारावास की सजा निरस्त

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस एके सिंह की युगलपीठ ने एक मामले में टिप्पणी करते हुए कहा है कि दोष सिद्धि के लिए प्रत्यक्षदर्शी व फारेंसिक साक्ष्यों की श्रृंखला पूरी होनी चाहिए। ऐसा न होने पर आरोपी को सजा नहीं सुनाई जा सकती। इसी आधार पर अपीलकर्ता दो आरोपियों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा अनुचित होने के आधार पर हाईकोर्ट ने निरस्त कर दी। दरअसल बालाघाट निवासी रिकेश उर्फ गुड्डू व दीपक उर्फ गोलू ने बालाघाट जिला न्यायालय द्वारा हत्या के आरोप में आजीवन करावास की सजा से दंडित किए जाने के विरुद्ध हाईकोर्ट में अपील दायर की थी।

बलात्कार के अपराध में पुलिस नही कर रही आरोपी को गिरफ्तार

पुलिस द्वारा बलात्कार के आरोपी को गिरफतार नहीं किये जाने के खिलाफ सिवनी निवासी अनुसूचित जाति महिला पीड़िता द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस विषाल मिश्रा की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक के नोटिस जारी करते हुए हलफनामा प्रस्तुत करने के आदेष जारी किये हैं। याचिका पर अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को निर्धारित की गयी है।

आवेदक के दावे पर लो उचित निर्णय

हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने सेवानिवृत्त कर्मी से वसूली गई राशि छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 30 दिन के भीतर लौटाने का राहतकारी आदेश पारित किया है। एकलपीठ ने कहा है कि आवेदक के अभ्यावेदन पर अनावेदक उचित निर्णय ले। याचिकाकर्ता बालाघाट निवासी राकेश जुझार की ओर से अधिवक्ता प्रवीण कुमार सेन ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता सहायक विकास विस्तार अधिकारी के पद पर कार्यरत था। 30 जून 2022 को सेवानिवृत्त हो गया। जिसके बाद याचिकाकर्ता के सेवानिवृत्ति देय राशि से कुछ वसूली की गई है, जो कि रफीक मसीह सहित अन्य न्यायदृष्टांतों के प्रकाश में अनुचित है। याचिकाकर्ता एक नया अभ्यावेदन देने को तैयार है और ऐसी स्थिति में शीघ्र निर्णय लेने का निर्देश दिया जाए। वहीं राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अभ्यावेदन पर विधि के अनुसार विचार किया जाएगा। हाईकोर्ट ने उक्त तर्क सुनने के बाद याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि यदि याचिकाकर्ता आज से 15 दिनों की अवधि के भीतर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट के समक्ष नया अभ्यावेदन प्रस्तुत करता है, तो उस पर गंभीरता से विचार किया जाए।

पत्रकार पर जानलेवा हमला

अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज

नवभारत, मझौली। क्षेत्र के पत्रकार सुनील कुमार राय उर्फ बल्लू राय पर शाम लगभग 4:30 बजे जनपद पंचायत कार्यालय के पास अज्ञात हमलावरों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में पत्रकार को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय नागरिकों व पत्रकार साथियों द्वारा घायल संवाददाता को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मझौली ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल, जबलपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया है तथा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। स्थानीय पत्रकार संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों ने इस घटना की निंदा करते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून के सख्त क्रियान्वयन की माँग की है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए, ताकि पत्रकारों में सुरक्षा की भावना बनी रहे। पत्रकार समाज के प्रतिनिधि होते हैं, जो समाज की आवाज़ बनकर जनता तक सच्चाई पहुँचाते हैं। ऐसे में किसी भी पत्रकार पर हमला न केवल व्यक्ति विशेष पर, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है। संगठन ने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं राज्य शासन से मांग करते हैं कि हमले में शामिल आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। घायल पत्रकार के उपचार की संपूर्ण व्यवस्था सरकार के खर्च पर की जाए। पत्रकार सुरक्षा अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

श्री चंद्रप्रभ जिनालय में शांतिनाथ विधान का आयोजन

पनागर, नवभारत। विद्यासागर वार्ड कमानिया के समीप गल्ला बाजार में स्थित श्री 1008 चंद्र प्रभु जिनालय नायक मंदिर जी में श्री शांतिनाथ विधान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विधान की शुद्धि के साथ भगवान का अभिषेक शांति धारा पूजन अर्ध चढ़ाते हुए पूजा की क्रियाएं संपन्न हुई। तत्पश्चात श्री जैन प्रबंध कारनी सभा के उपाध्यक्ष संतोष चौधरी, सरोज रानी जैन बरेली एवं सुमित जैन पुजारी के सानिध्य में विधान की क्रियाएं प्रारंभ हुई। समाजसेविका कमला नायक की स्मृति में आयोजित इस विधान में बड़े भक्ति भाव एवं हर्ष उल्लास के साथ विधान की संपूर्ण क्रियाएं की गई। अंत में जाप का आयोजन किया गया एवं आचार्य श्री आरती के साथ समापन किया गया। कार्यक्रम में डॉ प्रवीण नायक नानू, विमल जैन पत्रकार, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज नायक, अंकित जैन, संजय जैन, पुजारी करन जैन, जयंती बाई, अर्चना नायक, सीमा जैन, भारती जैन जबलपुर, मीना नायक, कल्पना जैन नायक, लिपि जैन, सविता जैन नेशनल, देशना लसगरी, कल्पना जैन, मुस्कान जैन, दीपिका नायक का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर ढोलक वादक महेंद्र विश्वकर्मा शिक्षक ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

गांधीग्राम के बुढ़ानसागर तालाब किनारे वृक्षों में प्रवासी पक्षियों का बसेरा

सिहोरा, नवभारत। बुढ़ागर, जैसे ही ठंड की आहट शुरू हुई है, हजारों किलोमीटर दूर के देशों से आए सुंदर प्रवासी पक्षियों का गांधीग्राम में आगमन शुरू हो गया है। बुढ़ानसागर तालाब के किनारे के वृक्षों पर इन मेहमान पक्षियों ने अपना डेरा डाल लिया है, जिसके चलते गांधीग्राम का वातावरण उनके मधुर कलरव से गुंजायमान हो रहा है।

अनुकूल वातावरण बना पसंदीदा ठिकाना

बताया गया है कि प्रवासी पक्षियों को बुढ़ानसागर तालाब के आसपास का वातावरण अत्यंत अनुकूल लग रहा है। वर्तमान में लगभग तीन से चार प्रकार की प्रवासी पक्षी प्रजातियों का आगमन हो चुका है। गांधीग्राम और गोसलपुर में लगभग 2000 की संख्या में ये पक्षी देखे गए हैं। इनमें विशालकाय आकार के स्लेटी रंग के पीले पैरों वाले गिद्ध जैसे पक्षी, पूरे दूधिया रंग के सफेद सारस के आकार के पक्षी, स्लेटी व सफेद रंग के बड़े पक्षी और कोयल के आकार की बड़ी प्रजाति की चिड़िया शामिल हैं।

प्रजनन के लिए आते हैं ये मेहमान

ये प्रवासी पक्षी हर साल ठंड की शुरुआत में मुख्य रूप से प्रजनन के लिए यहाँ आते हैं। ये पत्ते और पतली लकड़ियों से पेड़ों की शाखाओं के बीच अपना घोंसला बनाते हैं और अंडे देते हैं। दु:खद बात यह है कि कई बार इनके अंडे और नवजात बच्चे वृक्षों से नीचे गिरकर मर भी जाते हैं।

रात भर वृक्षों पर रहता है बसेरा

इन प्रवासी पक्षियों का मुख्य आशियाना बुढ़ानसागर तालाब के किनारे लगे हुए आम और बरगद के वृक्षों पर बना हुआ है, जबकि गोसलपुर में ये इमली के वृक्षों को अपना ठिकाना बना रहे हैं। रात्रि के समय ये पक्षी खामोश मुद्रा में वृक्षों की शाखाओं और पत्तों के बीच इस तरह बैठे रहते हैं, मानो प्रकृति ने वृक्ष को एक सफेद चादर से ढक दिया हो।

मछलियां और कीट पतंगे हैं मुख्य भोजन

दिन के समय प्रवासी पक्षियों को बुढ़ानसागर तालाब परिसर में मछलियों और कीट पतंगों का शिकार करते हुए देखा जाता है। तालाब में प्रचुर मात्रा में भोजन उपलब्ध होने के कारण ये पूरी ठंड यहीं प्रवास करते हैं।

ठंड की समाप्ति तक करते हैं प्रवास

जानकारी के अनुसार, ये प्रवासी पक्षी पूरी ठंड की ऋतु यहाँ रुकते हैं। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के पास लगे वृक्षों समेत अन्य ठिकानों पर बसेरा बनाकर रहने वाले ये मेहमान ठंड समाप्त होने के पहले सप्ताह में ही अपने मूल स्थानों के लिए पलायन कर जाते हैं।

सरपंच पति को गोली मारने वालों का सुराग नहीं

जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अंतर्गत बिलखरवा आकाश ढाबा के सामने गुरूवार रात्रि सरपंच पति को गोली मारने वाले आरोपियों का पुलिस अब तक कोई अहम सुराग नहीं जुटा पाई है। पुलिस के मुताबिक दुर्गेश लोधी 36 वर्ष निवासी घुंसौर थाना शहपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खजरी खिरिया दादा की बगिया मैरिज गार्डन के पीछे गोहलपुर में उसका मकान है वहीं पर परिवार सहित रहता है उसकी पत्नी श्रीमति रानू पटेल ग्राम घुंसौर ग्राम पंचायत घुंसौर की सरपंच हैगुरूवार दोपहर लगभग 1 बजे कार से क्रमांक एमपी 20 जेड एच 1515 से आकाश ढाबे जाने के लिये कटंगी वायपास दमोहनाका ब्रिज पर गढ़ा होते हुये निकलकर आकाश ढाबा बिलखरवा भेड़ाघाट शाम लगभग 4-30 बजे पहुँचा वहीं खाना खा कर रात लगभग 8 बजे ढाबा से मोबाइल पर बात कर पैदल पैदल चल रहा था उसी समय अचानक 2 लड़के उसके बाजू में आ गये जिन्होंने फायर कर दिया जिससे उसे चोटें आ गई। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था।

एसपी ने जनरल परेड का किया निरीक्षण

जबलपुर, नवभारत। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा पुलिस लाईन्स स्थित परेड ग्राउंड जनरल परेड का निरीक्षण किया गया। परेड ग्राउंड पहुंचने पर रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य द्वारा सलामी दी गयी, तत्पश्चात परेड प्रारम्भ हुई।

जनरल परेड के बाद एसपी द्वारा परेड पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों का निरीक्षण करते हुये अच्छे टर्नाउट वाले कर्मचारियों को पुरूस्कृत किया गया। इसके बाद प्लाटूनों द्वारा की गयी अलग-अलग ड्रिल एवं यातायात प्लाटून द्वारा की गयी मैनुअल यातायात संकेत ड्रिल को देखा गया। परेड पश्चात आप पुलिस लाईन कार्यालय पहुंचे जहॉ क्वाटरगार्ड में क्वाटर गार्ड कमांडर सूबेदार अश्वनी पटेल एवं कर्मचारियों द्वारा सलामी दी गयी। जनरल परेड पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा सहित जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी सहित थानो से लगे 112 अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

मटर मंडी की समस्याओं का उचित समाधान करें : कलेक्टर

मटर खरीदी की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक

नवभारत, जबलपुर। कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मटर खरीदी की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने मटर खरीदी की संपूर्ण व्यवस्थाओं के संबंध में बिंदुवार चर्चा कर कहा कि मटर खरीदी सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराएं, यातायात प्रबंधन ठीक रहे। इसके साथ ही उन्होंने मटर किसान व व्यापारियों के समस्याओं के संबंध में आवश्यक चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मटर मंडी की समस्याओं का उचित समाधान करें। बैठक में मटर प्रोसेसिंग के संबंध में भी चर्चा की गई। उन्होंने मटर खरीदी को लेकर किसानों और व्यापारियों की बैठक शीघ्र करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर नाथूराम गोड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

पंजीयन की तिथि बढ़ाने की मांग

बरेला, नवभारत। एक ओर शासन किसानों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ देखा जा रहा है कि बरेला क्षेत्र के किसान अपनी धान बिक्री करने हेतु पंजीयन को लेकर परेशान हो रहे हैं। भारत कृषक समाज के बरेला ब्लॉक संयोजक योगेश पटेल ने किसानों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए बताया कि किसान इन दिनों अपनी धान की बिक्री करने हेतु पंजीयन कराने क्षेत्र के अनेक किसान वंचित रह गए हैं। ऑनलाइन में सर्वर की समस्या एंव अनेक किसानों के खसरे ना दिखने के कारण किसानों के पंजीयन नहीं हो पाए चूंकि शासन द्वारा धान पंजीयन कराने की तिथि 10 तारीख तय की गई थी। इतने समय में किसान अपना पंजीयन केसे करा पाते, उन्होंने जिला कलेक्टर से अभिलंब मांग की जाती है कि धान पंजीयन की तिथि बड़ाई जाने की मांग की गई है, ताकि किसान समय रहते अपना पंजीयन करा सके।

8वें केंद्रीय वेतन आयोग के त्वरित गठन की मांग

नवभारत, जबलपुर। रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत कंफेडरेशन ऑफ डिफेंस रिकग्नाइज्ड एसोसिएशन्स के द्वारा देश के सभी रक्षा प्रतिष्ठानों, इकाईयों और कारखानों में डिमांड अटेंशन डे मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 8वें केंद्रीय वेतन आयोग का शीघ्र गठन कराना और उसकी सिफारिशों को 1 जनवरी 2026 से प्रभावी रूप से लागू कराना रहा। जीसीएफ जबलपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कर्मचारियों ने 8वें वेतन आयोग के गठन के लिए मांग-बैज धारण किए और दोपहर अवकाश के दौरान मुख्य महाप्रबंधक राजीव गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उनकी मांगों को भारत सरकार तक अग्रेषित करने का अनुरोध किया गया। कर्मचारियों की मांगों में 8वें केंद्रीय वेतन

आयोग का तत्काल गठन एवं इसकी सिफारिशों को 1 जनवरी 2026 से लागू करना, यदि गठन या क्रियान्वयन में देरी होती है, तो कर्मचारियों को अंतरिम राहत प्रदान करना शामिल रही। ज्ञापन सौंपते वक्त मुकेश बट्टी, अजय सिंह, दुर्गेश विश्वकर्मा, बसंत सतनामी, पंकज रंजन, जितेंद्र वर्मा, मनीष गौड़, देवराज मेहरा, ध्रुव नारायण सिंह, आरिफ मंसूरी, धनिराम साहू, प्रणवराज, शरद बोरकर, मनीष चौरसिया, अजय रजक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

जुआ फड़ पर छापा 8 जुआड़ी गिरफ्तार

जबलपुर। गढ़ा पुलिस ने जुआ फड़ पर छापा मारकर की 8 जुआडियों को गिरफ्तार कर 9 हजार 130 रूपये जप्त किये गये है। पुलिस ने बताया कि सर्वेन्ट क्वाटर रोड गढ़ा में ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे राकेश जैन निवासी जैन मंदिर के पास पुरवा, मुकेश बर्मन कृष्ण बर्मन, कुलदीप बर्मन, निहाल बर्मन, उमेश बर्मन, अंकित बर्मन, महेन्द्र बर्मन सभी निवासी झंडा चौक पुरवा बताये जुआड़ियों के पास एवं फड़ से ताश पत्ते एंव 9 हजार 130 रूपये जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

शराब के साथ तस्कर पकड़ाया

जबलपुर। पनागर पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से 70 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई टीआई विपिन ताम्रकार ने बताया कि ग्राम छितरी के जंगल में पुलिस ने दबिश देकर बाइक क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 7224 को रोका। चालक राखी लाल उर्फलल्लू केवट 38 वर्ष निवासी ग्राम बिसेंधी को पकड़ा गया। मोटर सायकल मे बंधी दोनों बोरियों को चैक करने पर 15 लीटर कच्ची शराब रखी मिली, उक्त शराब के संबंध में पूछताछ करने पर उक्त मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 7224 मां के नाम पर खरीदना एवं पिछले तीन चार वर्ष से देशी शराब बनाकर बेचने का काम करना बताया।

कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-1, गढ़ा नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. स.अधि./01/ गढ़ा 2025/ एम/ 240 (2025-26)
दिनांक 7/10/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री/ श्रीमती जसप्रीत कौर पिता/ पति श्री हिमांशु भल्ला ने भवन/ भूखंड/ खसरा क्रं. पिन नंबर 1000705043 वार्ड क्रं. 71 वार्ड वीर दुर्गादास के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर अनुसार) श्री/ श्रीमती सविता गर्ग पिता/ पति अशोक कुमार गर्ग के स्थान पर क्षेत्रफल प्लॉट भूतल 2400 वर्गफुट विक्रय पत्र / दानपत्र / शपथपत्र / सहमति शपथ पत्र / मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा/ त्याग रिलीजडीड / बंटवारानामा / चुकतानामा/ अपंजीकृत विक्रय पत्र/ पारिवारिक व्यवस्था पत्र/ विक्रय अनुबंध के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नंबर पर नामातंरण हेतु आवेदन दिया है जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो ये इस प्रकाशन की तिथि के 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रं. 01 गढ़ा में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जावेगा। नामातंरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.1, गढ़ा नगर निगम जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

निविदा-सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	न.नि.ज./प्रकाश/2025-26/09/पी.आर.ओ./542 दिनांक 23/10/2025	Supply, Installation, Testing & Commissioning of Highmast at Ward No. 79 Jabalpur.	03 माह एवं 1025092/-	2000/- एवं 7688/-	03/11/2025 (3RD Call)
2.	न.नि.ज./प्रकाश/2025-26/03/पी.आर.ओ./542 दिनांक 23/10/2025	Side Lighting work at Diff. Loc. in Ward No. 79, Jabalpur.	03 माह एवं 392078/-	2000/- एवं 3921/-	27/11/2025 (3RD Call)
3.	न.नि.ज./प्रकाश/2025-26/08/पी.आर.ओ./542 दिनांक 23/10/2025	SITC of Lighting Arrangement work at No. 66 Bhogadwar Road Jabalpur.	03 माह एवं 365868/-	2000/- एवं 3659/-	27/11/2025 (3RD Call)

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। **कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय) नगर पालिक निगम, जबलपुर**